# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रकरण संख्या –213 / 2022 दायर दिनांक 02.09.2022

RCMS NO.- 2022/385

पीठासीन अधिकारी– शत्रुघ्न सिंह गुर्जर

1. चौथमल आ0 रामनिवास ब्राह्मण निवासी नैनवां तहसील नैनवा जिला बून्दी राज0

–प्रार्थी–

बनाम

1. राजाबाई पत्नि पोलू गुर्जर निवासी बडीपडाप तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0।
2. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार तहसील नैनवा जिला बून्दी राज0

–अप्रार्थीगण–

**प्रार्थना पत्र– अन्तर्गत धारा 251 (क) आर.टी.एक्ट**

उपस्थिति–

प्रार्थी की ओर से वकील श्री रामबाबू शर्मा।

निर्णय दिनांक 30.01.2023

संक्षेप मे प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम नैनवां प्रथम तहसील नैनवां मे प्रार्थी चोथमल के खाते व कब्जे कि खसरा सख्या 5081, 5083, 5087, 5088, 5089, 5091, 5092 कुल किता 7 कुल रकबा 1.1651 हैक्टेयर भूमि स्थित है इस भूमि पर आने जाने के लिए नैनवा से बडीपडाप जाने वाले रोड पर होकर आगे मोड से सीधा राजाबाई के खाते की भूमि खसरा सख्या 5084 के खेत की पश्चिमी मेर साईड पर होकर 15 फूट चोडा रास्ता प्रार्थी के खातेदारी की भूमि खसरा सख्या 5081 पर पहुँचता है सदैव से यही रास्ता है यह रास्ता प्रार्थी के खातेदारी की भूमि पर पहुँचने का रहा है। यह कि प्रार्थी के खातेदारी की भूमि पर पहुँचने के लिए आने जाने व कृषि उपकरण लाने ले जाने, कृषि उपज लाने ले जाने के लिए 15 फूट चौडा रास्ता प्रत्यार्थीया सख्या 1 कि भूमि खसरा सख्या 5084 की पश्चिमी तरफ की साईड पर दिया जाना जरूरी है अभी भी प्रार्थी यही से आता जाता है रास्ता देने का न्यायालय श्रीमान को अधिकार प्राप्त है इस रास्ते को सलग्न नक्शा परिशिष्ट "क" मे लाल रग से दर्शाया गया है नक्शा परिशिष्ट "क" प्रार्थना पत्र का भाग है इस रास्ता को राजस्व नक्शा व जमाबदी मे अंकित किया जावे। यह कि प्रार्थी को कृषि उपज कृषि उपकरण ले जाने के लिए प्रत्यार्थीया राजाबाई के खेत मे खसरा सख्या 5084 पर होकर 15 फूट चौडा रास्ता कायम किया जावे, जिसके लिए निर्धारित डी.एल.सी. दर कि राशि जमा करवाने को प्रार्थी तैयार है। यह कि प्रार्थी को रास्ता नही दिया गया तो प्रार्थी का अपने खेत पर आना जाना व खेती करना मुश्किल हो जायेगा। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन मे शपथ–पत्र, नक्शा ट्रेस तथा नकल जमाबन्दी आदि पेश किये।

अप्रार्थिया सख्या 1 को सूचना हेतु नोटिस जारी किये गए। बावजूद सूचना के उपस्थित नही होने के कारण अप्रार्थिया सख्या 1 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई।

तहसीलदार नैनवां ने रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध मे रिपोर्ट दिनांक 19.12.2022 पेश की । तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी द्वारा चाहे गए रास्ते का विवरण निम्नानुसार है:–

| ख0न0 | किस्म | रास्ते की माप | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 5084 | बा0 अ(सिवायचक) | 26*2= 52 वर्ग गट्ठा | 0.0210 हैक्ट. |

यह कि उपरोक्त खसरा नम्बरान पर जाने हेतु उक्त प्रस्तावित रास्ते के अलावा कोई वैकल्पिक रास्ता तथा निकटतक रास्ता मौके पर एवं रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकार्ड, दस्तावेज एवं रास्ता रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां का अवलोकन किया। वकील प्रार्थी कि प्रार्थना पत्र में वहस सुनी गयी। प्रार्थी को रास्ता दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। तहसीलदार नैनवां ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रार्थी को प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस के अनुसार रास्ता दिया जाना उचित बताया है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम नैनवां प्रथम तहसील नैनवां में प्रार्थी चोथमल के खाते व कब्जे कि खसरा संख्या 5081, 5083, 5087, 5088, 5089, 5091, 5092 कुल किता 7 कुल रकबा 1.1651 हैक्टेयर भूमि पर पहुंचने के लिए तहसीलदार नैनवां

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.07.03 13:02:53 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नैनवा (बून्दी)

...त रास्ता रिपोर्ट के अनुसार निम्नानुसार रास्ता कायम किये जाने के आदेश दिये

| | किस्म | रास्ते की माप | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| ...0/10 6084 | बा0 अ(सिवायचक) | 26*2= 52 वर्ग गट्ठा | 0.0210 हैक्ट. |

यह कि प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है, जिसे नक्शा परिशिष्ट "अ" में लाल स्याही से अंकित किया गया है, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। जितनी भूमि रास्ते के उपयोग में आयेगी उतनी भूमि की कीमत का नियमानुसार प्रतिकर जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जावे। नक्शा परिशिष्ठ को परिशिष्ठ 'अ' नाम दिया गया है जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर रास्ता बहाल कर नियमानुसार राजस्व रिकार्ड व राजस्व नक्शे में दर्ज किया जावें।

निर्णय आज दिनांक 30.01.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.07.03 13:02:53 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान सरकार

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

NIC-BHUNAKSHA

जिला : बूंदी

तहसील : नैनवा


दिनांक : 15/12/2022 12:40:36 PM

पटवारी हल्का : नैनवाँ

ग्राम : नैनवाँप्रथम

भू. अ. नि. क्षेत्र : नैनवाँ

परिशिष्ट - "अ"




खसरा संख्या :5084 क्षेत्रफल : 0.3236 Hectare खाता संख्या : 600पुराना खाता संख्या :579

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बारानी A [ 0.3236, 3.00 ]

1.) राजाबाई पत्नि पोलू हिस्सा- पूर्ण जाति- गुर्जर सा. बडीपडाप खातेदार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

पटवारी

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN नं. :

उपखण्ड अधिकारी नैनवाँ (बूंदी)

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.07.03 13:02:53 IST
Reason: SelfAttested